web: www.nyaysakshi.com ‖ पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल ‖ पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, रविवार 22 दिसम्बर 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-02, अंक- 84

# पहाड़ों में बर्फबारी से उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड, 750 उड़ानें और सौ ट्रेनें प्रभावित

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर और हिमाचल में बर्फबारी के साथ उत्तर भारत में हाड़ कंपा देने वाली ठंड का कहर जारी है वहीं राष्ट्रीय राजधानी में घने कोहरे से कम हुई दृश्यता के चलते कई उड़ानें रद्द करनी पड़ीं और रेल सेवाएं बाधित हो गईं।

सूत्रों ने जानकारी दी है कि एयरपोर्ट पर घने कोहरे के कारण आधी रात तक 46 फ्लाइटें डायवर्ट की गई थीं। पिछले 24 घंटे में 19 से ज्यादा उड़ानों को रद्द भी किया गया है।

दिल्ली हवाई अड्डे पर अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार सुबह छाए कोहरे की वजह से दृश्यता शून्य हो गई जिससे 750 उड़ानें प्रभावित हुई हैं। वहीं दिल्ली से 100 ट्रेनें भी लेट चल रही हैं।उधर, कोहरे को देखते हुए पहले ही बहुत सारी ट्रेनें कैंसल की जा चुकी हैं। कई



ट्रेनों के समय में भी बदलाव किया गया है। शुक्रवार को 100 से अधिक ट्रेनें दो घंटे विलंब से चल रही थीं। आज उत्तर भारत की 17 ट्रेनें ऑपरेशनल कारणों से लेट चल रही हैं।

इंडिगो ने ट्वीट करके कहा है कि एयरपोर्ट के लिए घर से निकलने से पहले एक बार फ्लाइट का स्टेटस जरूर चेक कर लें क्योंकि खराब मौसम की वजह से फ्लाइट ऑपरेशन प्रभावित है। एयरलाइन से ट्विटर और फेसबुक पर भी कॉन्टैक्ट किया जा सकता है। स्पाइसजेट और गो एयर ने भी यही सलाह दी है।

वहीं, सड़कों पर सुबह के समय वाहन रेंगते हुए बढ़े। शाम होने के साथ ही कोहरा घना होता गया। मौसम विभाग ने शनिवार को हल्की बारिश और कोहरा बढ़ने के साथ तापमान में और कमी की संभावना जताई है।

मौसम विभाग के मुताबिक, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में ताजा बर्फबारी के बीच शुक्रवार सुबह दिल्ली में हवा में नमी 100 फीसदी तक पहुंच गई। तापमान 6.4 डिग्री सेल्सियस रहा। इसके चलते घना कोहरा छा गया। सुबह करीब 5:30 बजे पालम एयरपोर्ट पर दृश्यता शून्य हो थी। 8:30 बजे पालम की दृश्यता करीब 50 मीटर और सफदरजंग में 100 मीटर थी। दिन चढ़ने के साथ इसमें सुधार आया।

दिल्ली-एनसीआर का प्रदूषण स्तर शुक्रवार को फिर गंभीर स्तर पर पहुंच गया। दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 432 पर था। एनसीआर में नोएडा सबसे प्रदूषित रहा। इसका एक्यूआई 463 दर्ज किया गया। गाजियाबाद का एक्यूआई 444 पर था।

ग्रेटर नोएडा, फरीदाबाद व गुरुग्राम में एक्यूआई 427, 420 व 306 रहा। सीपीसीबी के मुताबिक, नमी और हवा की रफ्तार भी दस किमी प्रतिघंटा से नीचे रही। मिक्सिंग हाइट भी दो किमी पर थी। इनके मिलेजुले असर से प्रदूषण टिक गया।

# हैदराबाद एनकाउंटरः कोर्ट ने चारों शवों का दोबारा पोस्टमार्टम कराने का दिया आदेश

**हैदराबाद (आरएनएस)।** तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में महिला वेटनरी डॉक्टर से गैंगरेप करने के सभी आरोपियों के एनकाउंटर का राज़ गहराता जा रहा है. तेलंगाना हाईकोर्ट ने इस एनकाउंटर की सच्चाई का पता लगाने के लिए चारों शवों का फिर से पोस्टमार्टम कराने के आदेश जारी कर दिए हैं. गौरतलब है कि हैदराबाद के गांधी अस्पताल के वरिष्ठ मेडिकल ऑफिसर ने चिंता जताई थी कि शवों को लंबे समय तक सुरक्षित नहीं रखा जा सकेगा. अस्पताल प्रशासन ने अदालत से मांग की थी कि वह शवों के संबंध में कोई निर्देश दे.

अदालत ने इससे पहले मामले की सुनवाई करते हुए कहा था कि एनकाउंटर से जुड़े तथ्यों का पता लगाने के लिए दिल्ली की विशेषज्ञ टीम एक बार फिर शवों का पोस्टमार्टम कर सकती है. हालांकि उन्होंने कहा था कि इसके लिए अस्पताल के अधिकारियों से शवों



की स्थिति के बारे में पूछा गया है. कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई करते हुए एनकाउंटर में मारे से चारों आरोपियों के शवों को दोबारा पोस्टमार्टम करने के आदेश जारी कर दिए.

गौतरलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में चारों आरोपियों की एनकांउटर में की गई हत्या की जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच आयोग का गठन किया है. इस आयोग में बॉम्बे हाई कोर्ट की रिटायर जज रेखा बलदोटा और सीबीआई के पूर्व निदेशक कार्तिकेयन शामिल हैं. जांच आयोग 6 महीने में अपनी रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में सौंपेगी.

## महत्वपूर्ण एवं खास

### आईसीएफ ने 215 दिनों में 3000 कोच तैयार किए

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय रेलवे की इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ) ने समर्पण और दक्षता प्रदर्शित करते हुए, 9 महीने से भी कम समय में अपना 3000वां कोच तैयार किया है। इससे कोचों की बढ़ती मांग को पूरा करने में मदद मिलेगी। पिछले वर्ष उपरोक्त आंकड़ा प्राप्त करने के लिए कार्य दिवसों की संख्या 289 दिन थी जो घटकर चालू वर्ष में 215 दिन हो गई, इसमें 25.6 प्रतिशत की गिरावट आई है। वर्ष 2014 तक, केवल 1000 कोचों के उत्पादन के लिए उतना ही समय लिया जा रहा था।

### सीएए व एनआरसी पर भ्रम फैला रही है सोनियाः सीतारमण

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि सोनिया गांधी नागरिकता संशोधन कानून पर गुमराह कर लोगों का भड़का रही हैं। आपको बताते जाए कि कांग्रेस की अंतरित अध्यक्ष सोनिया गांधी ने वीडियो जारी कर कहा था कि नोटबंदी की तरह एनआरसी में भी लाईन में लगा दिया जाएगा। इस बयान को लेकर वित्त मंत्री सीतारमण ने सोनिया गांधी पर हमला बोलते हुए कहा कि सोनिया गांधी गलत तरीके से ब।। की तुलना छत्ब् से कर रही हैं, जिसका ड्राफ्ट भी अभी तक तैयार नहीं हुआ है। निर्मला सीतारमण ने कहा कि प्रदर्शनकारियों को पहले कानून पढ़ना चाहिए और जरूरत पड़े तो उन्हें स्पष्टीकरण मांगना चाहिए। निर्मला सीतारमण ने कहा कि लोगों को उनसे बचकर रहना चाहिए जो हिंसा और डर फैला कर उन्हें भ्रम में डाल रहे हैं।

### पीएम मोदी 25 को करेंगे अटल की प्रतिमा का अनावरण

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर लखनऊ में उनकी कास्य प्रतिमा का अनावरण करेंगे। पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती पर तीन दिवसीय समारोह भी आयोजित होगा। प्रधानमंत्री मोदी समारोह के अंतिम दिन राजधानी पहुंचेंगे और लोकभवन में अटल की प्रतिमा के अनावरण के साथ अटल बिहारी चिकित्सा विश्वविद्यालय का भी शिलान्यास करेंगे। संस्कृति विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. वाई.पी. सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 25 दिसंबर को दोपहर करीब तीन बजे विशेष विमान से लखनऊ पहुंचेंगे और वहां से सीधे लोकभवन जाएंगे, जहां वह अटल बिहारी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। प्रधानमंत्री का 25 मिनट का संबोधन भी होगा। इस दौरान राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री शाम लगभग चार बजे दिल्ली रवाना हो जाएंगे।

### मंगलुरु पुलिस ने सिद्धारमैया को जारी किया नोटिस, कई जिलों में धारा-144 लागू

**मेंगलूरु (आरएनएस)।** नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को लेकर विरोध कर रहे कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को पुलिस ने उनके मेंगलूरु दौरे के लिए नोटिस भेजा है। मेंगलूरु पुलिस कमिश्नर की ओर जारी किए गए नोटिस में कहा गया है कि सिद्धारमैया के शहर में प्रवेश करने से कानून-व्यवस्था बिगड़ सकती है। नागरिकता कानून के खिलाफ हो उपद्रवों के मद्देनजर कर्नाटक के कई जिलों में धारा-144 लागू कर दी गई है। बता दें कि नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा लागू किए गए संशोधित नागरिकता कानून को लेकर मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस समेत कई राजनीतिक दल और संगठन इसे वापस लिए जाने की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। हालांकि, कुछ जगहों पर विरोध प्रदर्शन ने हिंसा की शक्ल भी अख्तियार की। अब तक हुए हिंसक प्रदर्शन में जान और माल की हानि शामिल है। कांग्रेस पार्टी का कहना है कि मोदी सरकार द्वारा लागू किया गया सीएए लोकतंत्र विरोधी है और इससे देश के गरीब लोग सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे।

# पटना में आरजेडी समर्थकों ने मचाया उत्पात, बसों में की तोड़फोड़

## » सीएए पर संग्राम



**पटना (आरएनएस)।** नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ शनिवार को आरजेडी के बिहार बंद को लेकर राजधानी पटना में सुबह से बंद समर्थकों ने जमकर उत्पात मचाया. मीठापुर बस स्टैंड से लेकर करबिगहिया इलाके और पटना जंक्शन तक बंद समर्थकों ने हंगामा और तोड़फोड़ किया. हाथों में डंडे लिए बंद समर्थकों ने मीठापुर बस स्टैंड के बाहर खड़ी बसों में तोड़फोड़ की. इस दौरान बसों में बैठे यात्रियों को बस से उतार दिया गया. इस वजह से बस स्टैंड पर बसों का परिचालन पूरी तरह ठप है. राहगीरों को इससे भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. प्रदर्शनकारियों ने वहां पटना पुलिस के लगाए बैरिकेटिंग बोर्ड्स को भी नहीं बख्शा.

हंगामा कर रहे बंद समर्थकों को पुलिस ने जब खदेड़ा तब वो पटना जंक्शन एरिया में घुस गए. पटना पुलिस यहां भी बंद समर्थको का पीछा करते-करते आ पहुंची. रेल पुलिस ने बंद समर्थकों को पकड़ा. इस दौरान पटना पुलिस ने उन्हें अपने कब्जे में लेना चाहा तो दोनों पक्षों के बीच नोकझोंक हो गई.

वहीं, आरजेडी कार्यकर्ताओं ने पटना सिटी के कुम्हरार गुमटी के पास रेलवे ट्रैक को जाम कर दिया. सैकड़ों की संख्या में बंद समर्थकों ने रेलवे ट्रैक पर खड़े होकर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. कई कार्यकर्ता रेलवे ट्रैक पर लेट गए और उन्होंने अपना आक्रोश प्रकट किया.

# दरियागंज हिंसा मामले में पुलिस ने 15 लोगों को किया गिरफ्तार

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** नागरिकता संशोधन कानून और हृत्रष्ट के विरोध में शुक्रवार को दिल्ली के दरियागंज में प्रदर्शनकारियों ने जमकर बवाल किया. पुरानी दिल्ली में इस विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा के संबंध में 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस ने शनिवार को बताया कि शुरुआत में 10 लोगों को पकड़ा गया था, लेकिन बाद में पांच और लोगों को गिरफ्तार किया गया.

पुलिस ने बताया कि इन पर दंगा करने और पुलिसकर्मियों को ड्यूटी निभाने से रोकने के लिए बल प्रयोग करने का आरोप लगाया गया है. पुलिस के अनुसार, प्रदर्शनकारियों ने शुक्रवार शाम को सुभाष मार्ग इलाके में खड़ी एक निजी कार को आग लगा दी थी. आग पर फौरन काबू पा लिया गया था.

प्रदर्शन और हिंसा के संबंध में 40 लोगों को हिरासत में लिया गया. इनमें से आठ नाबालिगों को शनिवार तड़के रिहा कर दिया गया. पुलिस ने बताया कि हिरासत में लिए गए इन लोगों में से 10 को गिरफ्तार किया गया है. मामले में और गिरफ्तारियां हो सकती हैं.



इस प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया. जबकि 40 लोगों को हिरासत में लिया गया था. हिरासत में लिए गए लोगों में 8 नाबालिग बताए जा रहे हैं.

हिरासत में लिए गए लोगों को दरियागंज पुलिस स्टेशन के अंदर रखा गया था. बताया जा रहा है कि लगभग तीन घंटे तक किसी से भी मिलने नहीं दिया गया, जिसके बाद कई प्रदर्शनकारियों और वकीलों ने पुलिस स्टेशन को घेर लिया. इसके साथ ही प्रदर्शनकारियों और वकीलों ने मांग करने लगे कि उन्हें हिरासत में लिए गए लोगों से बात करने की अनुमति दी जाए.

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र उमर खालिद उन लोगों में शामिल हैं, जो हिरासत में लिए गए लोगों की रिहाई की मांग कर रहे हैं.

# परिवार व्यवस्था को मजबूत बनाना समय की मांगःनायडू

## » बुजुर्गों के स्वास्थ्य और भलाई पर पुस्तक विमोचित

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने परिवार की व्यवस्था को बढ़ावा देने और उसके मूल्यों को स्कूली दिनों से ही लागू करने और बच्चों को बड़ों का आदर करने की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने बुजुर्गों के परिवार के नजदीकी सदस्यों और समुदाय से बुजुर्गों की देखभाल और भलाई को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आग्रह किया।

एम्स के वृद्ध चिकित्सा विशेषज्ञ डा. प्रसून चटर्जी द्वारा लिखित पुस्तक हेल्थ एंड वैल बीइंग इन लेट



लाइफः पर्सपेक्टिव्स एंड नरेटिव्स फ्रॉम इंडिया के विमोचन के बाद लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने भारतीय परिवार व्यवस्था और पारिवारिक मूल्यों को भारतीय सभ्यता की खासियत बताया।

पाश्चात्य संस्कृति की नकल करने की प्रवृत्ति की निंदा करते हुए, नायडू ने सामाजिक और व्यवहार संबंधी परिवर्तन करने का आग्रह किया और कहा कि हमें भारतीय परिवार व्यवस्था, मूल्यों, संस्कृति और परंपराओं की तरफ वापस जाना चाहिए। माता-पिता, गुरु और प्रकृति के प्रति सम्मान भारतीय दर्शन में गहराई तक समाया हुआ है।

बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार और उन्हें छोड़ देने की खबरों पर नाराज़गी व्यक्त करते हुए, उन्होंने कहा कि कई बुजुर्गों को वृद्धाश्रम में रहने के लिए मजबूर होना पड़ता है। उन्होंने कहा कि बच्चों का परम कर्तव्य है कि वे अपने माता-पिता और दादा-दादी की अच्छी तरह देखभाल करें।

यह कहते हुए कि भारत पहले की तुलना में बहुत तेजी से बूढ़ा हो रहा है और उम्मीद है कि 2050 तक दुनिया के 60 साल और उससे अधिक उम्र के लगभग 20 प्रतिशत बुजुर्गों की संख्या भारत में होगी, उपराष्ट्रपति ने कहा कि किसी को भी सभी चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए तैयार रहना चाहिए और बड़ों को एक आनंदपूर्ण, स्वस्थ और खुशहाल जीवन देने के लिए तैयार रहना चाहिए।

यह कहते हुए कि उम्र बढ़ने से कई बीमारियों और स्थितियों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ जाती है, उन्होंने कहा कि बुजुर्गों की बढ़ती आबादी को देखते हुए देश भर के मेडिकल कॉलेजों में वृद्धों की चिकित्सा के लिए कुछ और विभाग स्थापित करने की तत्काल आवश्यकता है।

# पाक के सीजफायर उल्लंघन का भारत ने दिया मुंहतोड़ जवाब

## » मार गिराए 2 पाक सैनिक

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर में बॉर्डर पर पाकिस्तान की तरफ से फिर नापाक हरकतें शुरू हो गई हैं। पलांवाला सेक्टर में शुक्रवार रात पाकिस्तानी सेना ने सीजफायर का उल्लंघन किया है। जिसका भारतीय सेना ने करारा जवाब दिया। जवाबी कार्रवाई में दो पाकिस्तानी सैनिक ढेर हुए हैं, एक पोस्ट भी तबाह हुई है। पाकिस्तानी सैनिकों के शव एलओसी पर पड़े हुए हैं।

मीडिया रिपोट्स के मुताबिक शुक्रवार की रात पाकिस्तान ने अग्रिम चौकियों को निशाना बनाया। पाकिस्तान की ओर से भारी गोलीबारी की गई है। भारतीय सेना ने भी पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है, जिसमें पाकिस्तान के दो सैनिक मारे गए हैं और एक पोस्ट तबाह हुई है। जम्मू-कश्मीर के तंगधार और



कंझालवान सेक्टर में भी पाकिस्तान की तरफ से भारी गोलीबारी की गई है। पाकिस्तान की तरफ से हुई गोलीबारी में भारत को कोई नुकसान नहीं होने की खबर है।

बता दें कि पाकिस्तान की तरफ से इस महीने में काफी बार सीजफायर तोड़ा जा चुका है। उत्तरी कश्मीर में भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई में भारी नुकसान झेलने के बाद शुक्रवार को पाकिस्तानी सेना नियंत्रण रेखा पर लगभग शांत रही थी।

# सीएए के विरोध के कारण रेलवे को 88 करोड़ का नुकसान

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** नागरिकता संशोधन कानून को लेकर देशभर में विरोध प्रदर्शन हो रहा है। प्रदर्शनकारी कई स्थानों पर ट्रेनों को रोक रहे हैं, उनमें तोड़फोड़ कर रहे हैं जिसके कारण रेलवे को 88 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। रेलवे पुलिस ने हिंसा के दौरान 85 मुकदमे दर्ज कर कार्यवाही शुरू की है। भारतीय रेलवे ने शनिवार को यहां देश में हो रहे हिंसा, प्रदर्शन के कारण रेलवे को जोन स्तर पर हुए नुकसान का ब्यौरा जारी किया है। रेलवे सुरक्षा बल के महानिदेशक अरुण कुमार ने यहां नई दिल्ली में कहा कि नागरिकता कानून के विरोध में देश के अलग-अलग हिस्सों में हो रहे बवाल व प्रदर्शन के दौरान रेलवे को हुए नुकसान का आकलन किया गया है, जिसमें 88 करोड़ रुपये की संपत्ति का नुकसान आंका गया है। इसमें सर्वाधिक 72 करोड़ रुपये की संपत्ति का नुकसान पूर्वी रेलवे जोन में हुआ है। जबकि दक्षिण पूर्व रेलवे जोन में 13 करोड़ और उत्तर-पूर्वी रेलवे जोन में तीन करोड़ रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है। आरपीएफ के डीजी के अनुसार सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल में हो रहे बवाल के कारण पूर्वी रेलवे की संपत्ति के नुकसान से 72 करोड़ रुपये का घाटा हुआ है। पश्चिम बंगाल में सबसे ज्यादा हावड़ा, सियालदाह और माल्दा में रेलवे संपत्ति को ज्यादा नष्ट किया गया। गौरतलब है कि इन जगहों पर राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की नागरिकता कानून के खिलाफरैली हुई जिसके बाद उपद्रवियों ने हिंसा का तांडव कर रेलवे की संपत्ति को निशाना बनाते हुए नुकसान पहुंचाया।

# तेलंगाना एक्सप्रेस की यात्रा हैदराबाद से नई दिल्ली के लिए शुरू

## » सिंग्रेंनी कोयला खान के रंगों से सजी ट्रेन

**हैदराबाद (आरएनएस)।** दक्षिण मध्य रेलवे द्वारा की गई अपनी तरह की पहल में प्रतीकात्मक ट्रेन हैदराबाद-नई दिल्ली- हैदराबाद तेलंगाना एक्सप्रेस शुरू की गई है, जो राज्य और देश की राजधानी को जोड़ती है। इसे सरकार के स्वामित्व वाले भारत के सबसे बड़े कोयला उत्पादकों में से एक और रेलवे के एक प्रमुख माल ग्राहक सिंग्रेनी कोयला खान कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल)



के रंगों और डिजाइन से सजाया गया है। एससीआर के सिकंदराबाद डिवीजन ने मैसर्स एससीसीएल के साथ समझौता किया है और हैदराबाद - नई दिल्ली तेलंगाना एक्सप्रेस के एक रेक को एससीसीएल ने विनाइल से ढका है।

दक्षिण मध्य रेलवे और एससीसीएल के वरिष्ठ अधिकारी उस समय उपस्थित थे, जब एससीआर की विनाइल से ढकी पहली ट्रेन हैदराबाद - नई दिल्ली तेलंगाना एक्सप्रेस हैदराबाद रेलवे स्टेशन से 20 दिसम्बर, 2019 को रवाना हुई। एससीआर के महा प्रबंधक गजानन माल्या ने कहा कि यह एक नया क्षेत्र है, जिसमें प्रचार की अपार संभावनाएं हैं और यह संगठन के ब्रांड मूल्य को बढ़ाता है। उन्होंने इस अभिनव कदम को लागू करने के लिए सिकंदराबाद मंडल के रेलवे अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने अपनी ब्रांड छवि को बढ़ाने के उद्देश्य से इस अनूठे मंच का उपयोग करने के लिए सिंग्रेनी कोयला खान कंपनी लिमिटेड को बधाई दी।

यह सरकारी विभागों / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के विज्ञापन के लिए कोचिंग ट्रेनों के बाहरी हिस्से की पेशकश करने की भारतीय रेलवे की एक अभिनव योजना है। गाड़ियों पर विनाइल रैपिंग का यह अनोखा और असीमित विज्ञापन का यह तरीका ट्रेनों की सुन्दरता बढ़ा देता है।